हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

06 राकेश नामदेव को शिवसेना का ललितपुर अध्यक्ष...



07 इंद्र के घमंड को तोड़ने भगवान ने अंगुली पर...





## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षक गिरधारी लाल का निधन



**सागर।** शहर के रविशंकर दूल्हा देव गली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गिरधारी लाल विश्वकर्मा (85) का 25 दिसंबर गुरुवार सुबह 9:30 बजे निधन हो गया। वह अस्वस्थ थे। वह जगदीश विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ प्रेस फ़ोटोग्राफर दीपक विश्वकर्मा के पिता थे। वह अपने पीछे 3 पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका दाह संस्कार नरयावली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में अनेक लोग शामिल हुए। खारी उठवाना 28 दिसंबर को होगा।



### प्रो दिवाकर सिंह राजपूत ने डॉयरेक्टर का पदभार ग्रहण किया

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर मध्य प्रदेश में मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ दिवाकर सिंह राजपूत ने निदेशक अकादमिक गतिविधियाँ (डॉयरेक्टर ऑफ अकादमिक अफेयर्स) के रूप में एक नया दायित्व पदभार ग्रहण किया। डॉयरेक्टर के रूप में प्रोफेसर राजपूत ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वाय एस ठाकुर से सौजन्य भेंट की और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की। कुलपति प्रो यशवंत सिंह ठाकुर ने प्रोफेसर राजपूत को बधाईयाँ देते हुए विश्वविद्यालय के अकादमिक उन्नयन की विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रो दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि संस्थापक डॉ हरीसिंह गौर के सपनों के अनुरूप विश्वविद्यालय को एक नयी दिशा नयी ऊर्जा देने के लिये सदैव समर्पित हैं।

### व्यक्ति, सृष्टि एवं दृष्टि विषय पर व्याख्यान आज

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर के रंगनाथन सभागार में 26 दिसम्बर को 12 बजे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के यशस्वी संस्थापक भारत रत्न महामना पंडित मदनमोहन मालवीय जी की जयन्ती और प्रख्यात शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, कवि, मनीषी, प्रखर वक्ता, सागर के अमर सपूत, सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. सर हरि सिंह गौर की पुण्य तिथि को विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद् एवं मालवीय मंच सागर के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित गौर-मालवीय : पुण्य-उदय कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रख्यात गांधीवादी चिन्तक रघु ठाकुर का गौर-मालवीय : व्यक्ति, सृष्टि और दृष्टि विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो यशवन्त सिंह ठाकुर करेंगे और कुलसचिव डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय विशिष्ट अतिथि होंगे ।

### डॉ.सर हरीसिंह गौर की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**सागर।** शिक्षा जगत के महान स्तंभ, विधिवेत्ता और समाज सुधारक डॉ. हरिसिंह गौर साहब की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर कैन्ट के तत्वावधान में कांग्रेस जनों ने मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी की मुख्य उपस्थिती में सदर कबूला पुल स्थित डॉ.सर हरि सिंह गौर साहब की प्रतिमा के समक्ष केंडिल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर डॉ.गौर के शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और त्याग को याद किया। इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि उमाहिया,वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुरमीत सिंह इल्ले उपस्थि थे।

‘अटल स्मृति पर्व’ पर खुरई विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया

# श्रद्धेय अटल जी राजनेता के साथ राज ऋषि भी थे : पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतरत्न स्व अटल बिहारी वाजपेई राजनेता ही नहीं राज ऋषि भी थे। वे हम सभी के आदर्श हैं। यह बात पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने स्व अटल जी के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन दिवस एवं जयंती पर यहां आयोजित अटल स्मृति पर्व एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने मालथौन में नवनिर्मित मार्केट का नाम अटल जी के नाम करने तथा मार्केट परिसर में 50 लाख की लागत से भारतरत्न स्व अटल जी की प्रतिमा लगाने की घोषणा की। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने अपने संकल्प के अनुसार पुष्प माला, बुके से स्वागत नहीं कराते हुए कंबल, स्वेटर, साड़ी, बच्चों के उपयोग की शिक्षण सामग्री आदि सामानों से अपना स्वागत कराया और स्वागत में आई सामग्री को कार्यक्रम स्थल पर ही गरीब जरूरतमंदों व स्कूली बच्चों को वितरित कर दिया।

मालथौन के महाराणा प्रताप बसस्टेड प्रांगण में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी राजनीतिज्ञ नहीं थे, वे राजनेता और राज ऋषि थे। वह राजनेता थे राज ऋषि थे जो हमेशा समाज और जनता के कल्याण के बारे में सोचते थे। एक योग्य व्यक्ति यदि प्रधानमंत्री बनता है तो हम सब के जीवन में कितना बदलाव आ सकता है अटल जी इसका उदाहरण है। मैं इसलिए कहता हूं कि यदि योग्य लोग राजनीति में आगे नहीं आएंगे तो आपका ही भविष्य खराब होने वाला है। राजनीति में चाहे सरपंच, पंच, जनपद सदस्य के पद पर भी हमेशा अच्छे लोगों को चुनना चाहिए।अच्छा व्यक्ति अगर आपका प्रतिनिधि बनेगा तो आपके जीवन में परिवर्तन आएगा। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि अटल जी इस बात को जानते थे कि भारत के गांवों का जब तक विकास नहीं होगा तब तक गरीब का विकास नहीं हो सकता और हमारा देश आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए अटल जी ने सबसे पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की। 50 साल कांग्रेस का राज में कभी यह नहीं सोचा गया कि गांव में पक्की सड़कें होना चाहिए। अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बना कर गांव-गांव में पक्की सड़कों का जाल बिछा दिया। उससे हमारे गांवों की अर्थव्यवस्था बदल गई। हमारे किसानों, गरीबों का जीवन बदल गया। जब रास्ता बनता है तो उससे विकास के मार्ग भी खुलते हैं। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया कि मालथौन से जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाने वाली स्वर्णिम चतुर्भुज फोरलेन सड़क निकली है वह श्रद्धेय अटल जी की देन है। इस फोरलेन से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरने से पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प हो गया।





उन्होंने कहा कि अटल जी ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की, उन्होंने देश में पहली बार फसल बीमा योजना लागू की । अटल जी ने ही नदी जोड़ो योजना शुरू की थी और भारत की पहली नदी जोड़ो केन-बेतवा परियोजना अपने बुंदेलखंड से शुरू हुई है। इसका लाभ पूरे बुंदेलखंड को मिलेगा। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया कि अटल जी कहते थे कि बड़ी नदियों का पानी छोटी नदियों में डालो, छोटी नदियों का पानी और छोटी नदियों में डालो तो 12 महीने देश के हर नदी नाले में पानी रहेगा कभी पानी का संकट देश में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि देश में बहुत पहले परमाणु बम बन गया था पर किसी प्रधानमंत्री की हिम्मत नहीं होती थी कि परमाणु परीक्षण कर पाए। वे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से डरते थे। लेकिन अटल जी ने कहा यह देश की सुरक्षा का सवाल है हम दुनिया के किसी प्रतिबंध का परवाह नहीं करेंगे। उन्होंने परमाणु परीक्षण करके देश को दिखा दिया और पूरी दुनिया ने भारत की ताकत को देख लिया। आज भारत दुनिया के तीसरे नंबर की शक्ति हो गई।

## सूने मकान में चोरीः पुलिस ने एक महिला सहित चार को किया गिरफ्तार

**सागर।** सागर के कैंट थाना क्षेत्र में पिछले महीने हुए सूने मकान में चोरी का खुलासा पुलिस ने कर लिया है। पुलिस ने चोरों से मल भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक अंजू जुनैजा पति स्व. तरनजीत जुनैजा उम्र 62 साल निवासी कलेक्टर बंगला के सामने बंगला नं.17 थाना केंट सांगर ने रिपोर्ट कराई कि 25 नवंबर को दोपहर करीब 02.30 बजे में जबलपुर में अपनी लडकी मोलिका के पास गई थी। दूसरे दिन सुबह करीब 11.00 बजे मेरे दामांद रितेश बजाज ने फोन करके बताया की पीछे की खिडकी टुटी है। इतना सुनकर में घर वापस शाम करीब 05.00 बजे आकर घर का दरवाजा खोलकर देखा तो गोदरेज का लांक टूटा हुआ था । गोदरेज में देखा तो एक सोने का मंगलसुत्र, एक सोने की चेन, एवं चांदी की पायल व विक्रिया, तथा नगदी करीब 20 हजार रूपये कुल मशरूका करीबन 90 हजार रूपये रखे थे। जो नही मिले दिनांक 25.11.25 के दोपहर करीब 02.30 बजे से दिनांक 26.11.25 के सुबह करीब 11.00 बजे के मध्य मेरे घर की लकडी की खिडकी तोडकर घर के अंदर घुसकर कोई अज्ञात चोर बोरी करके ले गया है । रपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस विवेचना के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जोगर्स पार्क के पास खंडर में 3 लडका । लडकी एकत्रित होकर सोने चांदी का सामान का हिस्सा बाट कर रहे है । सूचना पर थाना कॅट से रवाना होकर पुलिस मौके पर पहुंचीं जहां एकत्रित लोगो से नाम पता पूछा एवं सोने चांदी का सामान के बारे पूछताछ की गई। जिसमे अपना नाम रवीन्द्र पिता बब्लू अहिरवार उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्र. 16 नई मकरोनिया, विक्रम अहिरवार पिता स्व. जितेन्द्र अहिरवार उम्म्र 20 साल निवासी वार्ड क्र. 16 नई मकरोनिया और अंजली बाल्मीकि पति अमन बाल्मीकि पित्ता प्रकाश दांत्रे उम्र 25 साल निवासी बंगला नं. 18 जोगर्स पार्क के पीछे चौथा विधि उल्ल्पनकर्ता निवासी जोर्गस पार्क के पीछे केंट सागर का होना चताया । जिनसे थाना केंट ने 331 (4), 305(ए) बीएनएस में कलेक्ट्रेट बंगला के सामने जुनेजा जी के यहां चोरी के संबंध में पूछताछ की जिन्होने चोरी करना स्वीकार किया।



### ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**सागर।** ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में 16वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवेक के.वी. सी.ई.ओ. जिला पंचायत सागर, विद्यालय के डायरेक्टर नीरज केशरवानी, प्राचार्या लिज़ी लुईस द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रार्थना नृत्य कृष्ण वंदना, तमिलनाडु का लोक नृत्य कडगम, पहलगाम हमले पर आधारित ऑपरेशन सिंदूर, वूमेन वर्ल्ड कप क्रिकेट, छावा नृत्य, हैरी पॉटर स्किट आदि प्रस्तुत किए गए। बच्चों के मनमोहक कार्यक्रमों का लोगों ने खूब आनंद लिया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में बच्चों के लिए इंटरनेट जितना नुकसानदायक है उतना ही उपयोगी भी। आज के समय में इंटरनेट और ए.आई. बच्चों की पढ़ाई में बहुत सहायक है, जो बच्चों के ज्ञानवर्धन में उपयोगी है परंतु अभिभावकों को बच्चों पर नजर रखना भी आवश्यक है ताकि बच्चे उसका गलत उपयोग न करें। विद्यालय के डायरेक्टर केशरवानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में बच्चों के लिए मोबाइल और डाटा आवश्यक हो गया है, जिससे बच्चा मोबाइल को ही सब कुछ समझने लगा है। जीवन में ऐंसे कई चैलेंज होते हैं, जिन्हें फिजिकली कंप्लीट करना होता है।





### दानवीर डॉ हरीसिंह गौर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया स्मरण

**सागर।** कांग्रेस सेवादल के दल दिवस सप्ताह के द्वितीय दिवस पर सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक,संविधान समिति के सदस्य दानवीर डॉ सर हरिसिंह गौर जी की 76 वीं पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने उन्हें ह्रदय से श्रृद्धांजलि अर्पित की, गौर मूर्ति तीनबत्ती पर गौर प्रतिभा को पुष्पमाला पहनाकर और पुष्प अर्पित कर मोमबत्ती प्रज्ज्वलित करके उन्हे स्मरण किया। साथ ही साथ काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता पं.मदन मोहन मालवीय की जन्मजयंती पर शहर सेवादल परिवार ने श्रृध्दा के साथ उन्हें भी याद किया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जितेन्द्र रोहण, लल्ला यादव, प्रवीण यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, अन्नू घोसी, रवि जैन, आकाश नामदेव, आकाश रजक, गौतम खटीक, प्रशांत रजक आदि जन उपस्थित रहे।

## कॉलेज चलो अभियान में स्कूली विद्यार्थियों से प्राध्यापकों ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में कॉलेज चलो अभियान संचालित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती के मार्गदर्शन में एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर निजी हायर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें उच्च शिक्षा के विविध अवसरों से अवगत कराया गया। श्री पुष्पेंद्र वर्मन ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर उपलब्ध पाठ्य क्रमों की विस्तार से जानकारी दी, साथ ही विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, कौशल आधारित पाठ्यक्रमों तथा उच्च शिक्षा में उपलब्ध नवीन संभावनाओं से परिचित कराया गया। अभय सिंह यादव ने मध्य प्रदेश की विद्यार्थी हितैषी योजनाओं गांव की बेटी, प्रतिभा किरण योजना, एकीकृत छात्रवृत्ति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना, एससी/एसटी और ओबीसी विद्यार्थियों हेतु छात्र वृति की विस्तृत जानकारी दी। बृज लाल अहिरवार ने एनएसएस इकाइयां, करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, स्मार्ट क्लासेस, ओपन जिम, खेलकूद की समस्त गतिविधियों, पुस्तकालय और छात्रावास के बारे में बताया। सचिन चौबे और राजा होलकर ने ई प्रवेश की प्रक्रिया को समझाया साथ ही प्रवेश लेने से पूर्व, प्रवेश प्रक्रिया के दौरान तथा प्रवेश उपरांत आवश्यक सावधानियों पर भी उपयोगी मार्ग दर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का दलसदस्यों ने संतोषजनक समाधान किया।आयोजन में समस्त विद्यालय स्टाफ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।





### 148वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर के निर्वाण दिवस की पूर्व संध्या के पुनीत अवसर पर उनके पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 148 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न। जिसमें 126 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया। मधुमेह 35, रक्ताल्पता 27, यूरिक एसिड 22, बी एम डी 24, श्वास 18 की जांच की गई। यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया, रजाखेड़ी, पथरिया जाट, तिली, बदतूमा, रेगवा, बाबूपुरा, पटकुई एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में यशवंत कुमार, अर्पित देसाई, सत्येश शुक्ला, राजेंद्र रावत, अंकित मिश्रा, दीपक मिश्रा, सोनू साहू, दीपक शाह, अजय द्विवेदी इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। 149 वां शिविर 28 जनवरी को पुनः शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं 5 सिविल लाइन सागर में किया जावेगा।

### विधानसभा स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**गढाकोटा।** युवा जागृति संगठन के तत्वाधान में दशहरा मैदान में आयोजित विधानसभा स्तरीय गोपाल जी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच अमन क्रिकेट क्लब एवं सुपर किंग्स के बीच खेला गया।अमन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन बनाए । जवाब में खेलने उतरी सुपर किंग्स 74 रन पर ऑल आउट हो गई। समारोह में सभापति संतोष पटेल, दिनेश लहरिया, बसंत यादव, किशोरी लाल कोरी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जमील कुरैशी, ईसू जैन, दिलीप कोरी, आमीन शाहपुर, डॉ.सुयश सिंघई,थाना प्रभारी शिवम दुबे एवं जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी मौजूद थे। संचालन विक्की जैन ने किया एवं आभार आयोजक सेख सगीर (राजू चच्चा )ने व्यक्त किया। टूर्नामेंट विजेता टीम को 51 हजार रुपए एवं कप तथा उपविजेता टीम को 21 हजार रूपए कप प्रदान किया जाएगा।





### माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेगें।मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है।

सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत रहे मुख्य अतिथि

# खेलना हार नहीं, खेल जीवन का सबसे बड़ा शिक्षकः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर के सिटी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का सोमवार को भव्य गरिमामय और ऐतिहासिक समापन हुआ। यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सागर जिले के युवाओं के लिए उत्सव, प्रेरणा और भविष्य की दिशा तय करने वाला मंच बनकर सामने आया। जैसे ही मंच से विजेता खिलाड़ियों के नाम पुकारे गए, पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट, भारत माता की जय के नारों और खुशी से गूंज उठा। खिलाड़ियों के चेहरों पर आत्मविश्वास, अभिभावकों की आंखों में गर्व और दर्शकों के उत्साह ने यह साबित कर दिया कि यह महोत्सव अपने उद्देश्य में पूरी तरह सफल रहा। समापन समारोह प्रातः 10 बजे से शुरू हुआ, जिसमें खिलाड़ियों, अभिभावकों, खेल प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सिटी स्टेडियम को विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगे बैनर, पूरे परिसर को एक उत्सव के वातावरण में बदल रहे थे। मंच पर अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी ऊंचाई प्रदान की। समारोह में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि, कार्यक्रम की अध्यक्षता सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने की जबकि विशिष्ट अतिथियों में पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विधायक हरिसिंह सप्रे, विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार, विधायक निर्मला सप्रे, श्याम तिवारी, नगर निगम महापौर संगीता सुशील तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, संभाग आयुक्त अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी.आर., जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, पूर्व विधायक नारायण प्रसाद कबीर पंथी, हरवश सिंह राठौर, गृहस्थ संत पं. केशव गिरी जी महाराज, हरिराम सिंह ठाकुर, सांसद खेल महोत्सव के लोकसभा प्रभारी अनिल तिवारी, विधानसभा स्तर के सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती व भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद दीपक मेमोरियल स्कूल के छात्रों द्वारा भव्य मार्चपास्ट निकाला गया। मार्चपास्ट में खिलाड़ियों और एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, एकता और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कदमताल की एकरूपता और बच्चों का जोश देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों और नागरिकों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया का वर्चुअल संदेश देखा और सुना। संदेश में खेलों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने की बात कही। प्रधानमंत्री ने युवाओं को खेल को जीवन का हिस्सा बनाने और देश के लिए गौरव लाने का आह्वान किया।





### निशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया

**रहली।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली में पुस्तकालय विभाग के द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित अभिषेक भार्गव रहे जिन्होंने शासन स्तर से सभी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली स्टेशनरी वितरित की। साथ ही उन्होंने आधुनिक समय में बढ़ रहे ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा के महत्व को बताया विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष देवराज सोनी रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुराने समय में और वर्तमान समय में मिल रही सुविधाओं के बारे में बताया। भाजपा नेता राजेंद्र जारोलिया ने सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तकों के महत्व को बताया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा लगभग 500 अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के हितग्राही विद्यार्थियों के लिए निशुल्क स्टेशनरी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मनोज जैन के द्वारा किया गया और आभार पुस्तकालय विभाग के अध्यक्ष डॉ सौरभ पटेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### किसान की मौत पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम सैदपुर निवासी राजकुमार पुत्र कोमल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 दिसम्बर को उसके पिता कोमल कृषि कार्य को दवा खरीदने ललितपुर आये थे और दवा लेकर लौट रहे थे। मन्नू पेट्रोल पम्प के आगे चन्देरा स्थित शोरूम तक पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से आ रहे डंपर यू.पी.94 टी 5271 के चालक ने उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता मरणासन्न हो गये। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। इधर डम्फर चालक घटना को अंजाम देकर मौके से भाग गया। घटना को जखौरा निवासी अंकेश पुत्र शिशपाल व ननौरा निवासी राकेश पुत्र बृषभान ने देखा ओर जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि उक्त डम्फर ग्राम लखनपुरा निवासी स्वामी प्रसाद यादव का है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुतला दहन किया

**कुरवाई।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार एवं निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बीना तिराहे पर जिहादी आतंकवादियों का पुतला दहन किया।

#### जिलाधिकारी प्रतिदिन नियमित जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को सुन रहे

# दूरदराज से आए लोगों की समस्याओं का मौके पर ही किया गया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृतव व त्वरित निर्देशन से ललितपुर वासियों को उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान मिल रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी प्रतिदिन नियमित जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उनका सम्बंधित अधिकारियों से प्रभावी निस्तारण करा रहे हैं। अधिकतर शिकायतों का निस्तारण वे अपने चैंबर से ही करा देते हैं। वे फरियादियों की समस्या को सुनकर मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तत्काल निस्तारण कराकर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हैं और कुछ मामलों में अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर समस्या का समाधान कराते है।

इसी श्रंखला में बुधवार को कुछ फरियादी जिलाधिकारी के समक्ष आये और अपनी समस्या उनके सामने रखी, जिसमें ग्राम भारौन में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री माधुरी शर्मा ने उप्र ग्रामीण बैंक धौर्रा द्वारा अभर्द्र व्यवहार करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवगत कराने के निर्देश दिये।



### चक परिवर्तन की शिकायत पर की कार्रवाई

इसी प्रकार ग्राम सूरीकलां निवासी ममता ने लेखपाल व कानूनगो द्वारा बिना सूचना के उनकी भूमि का चक परिवर्तन करने की शिकायत की, जिस पर जिला बन्दोबस्त अधिकारी को प्रकरण को स्वयं देखकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। नगर के सरदारपुरा निवासी शीलेन्द्र पटैरिया ने उनके मकान को नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नियमानुसार कार्रवाई कर शिकायकर्ता को भी अवगत कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी घनश्याम भारती, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चकबंदी प्रक्रिया में किसी भी आसामी पट्टेदार के साथ नहीं होगी नाइंसाफी

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के जनसुनवाई कार्यक्रम में बिरधा के ग्राम जीरोन के किसानों ने समस्या बताते हुए इस बात की आशंका व्यक्त की गई कि उनके गांव में चकबंदी के दौरान ग्राम में आसामी पट्टेदारों के नाम खारिज करके भूमि ग्राम सभा में दर्ज कर दी जायेगी, जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए जिला बंदोबस्त अधिकारी को निर्देश दिये कि किसी भी आसामी पट्टेदार को उसकी भूमि से नाम खारिज नहीं किया जाए। उन्होंने किसानों को भी आश्वस्त किया कि आसामी पट्टेदारों उनकी भूमि से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में किसी भी प्रकार की भ्रम से ग्रसित होकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद के चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों में चकबंदी के दौरान किसी भी आसामी पट्टेदार के साथ नाइंसाफी नहीं की जायेगी, जिससे किसानों के चेहरों पर संतोष का भाव आया। जिलाधिकारी ने किसानों को जिला बन्दोस्त अधिकारी के साथ उनके कार्यालय भेजकर चकबंदी प्रकिया से अवगत कराने के निर्देश दिये। इसके सम्बंध में जिला बन्दोबस्त अधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि राजस्व संहिता 2006 की धारा-76 के अन्तर्गत आसामी श्रेणी-3 के पट्टेदारों को (धारा-77 की भूमि को छोडकर) भूमिधरी के अधिकार प्रदत्त किये जाने का प्रावधान है। चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान किसी भी आसामी पट्टेदार (सार्वजनिक हित धारा-77 चारागाह, खलिहान, तालाब आदि की भूमि को छोडकर) का नाम उसकी आसामी पट्टे की भूमि से खारिज नहीं किया जायेगा।

#### नियमों के उल्लंघन का मामला

# दर्जनों सवारियों को ढो रहे ऑटो को किया सीज



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर में यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघन का मामला सामने आया है। एक चार सीटर ऑटो में 24 यात्रियों को बैठाकर ले जाया जा रहा था। जिसे यातायात पुलिस ने हाईवे-44 पर पकड़ लिया।

पुलिस ने ऑटो को सीज कर चालक के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है। इस घटना का वीडियो बुधवार को सामने आया है। यह कार्रवाई मंगलवार शाम को की गई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक तिवारी हाईवे-44 पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बिरधा की ओर जाते समय उन्हें एक ऑटो दिखाई दिया, जिसमें यात्री बाहर की ओर लटके हुए थे। यातायात प्रभारी ने तुरंत ऑटो को रुकवाया और यात्रियों को नीचे उतारकर गिनती कराई। जांच में ऑटो में कुल 24 यात्री सवार पाए गए, जबकि नियमों के अनुसार चालक के अतिरिक्त केवल चार यात्रियों को बैठाने की अनुमति होती है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने ऑटो को सीज कर दिया और चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की। पूछताछ में ऑटो चालक ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से ऑटो चला रहा है। यातायात प्रभारी आलोक तिवारी ने ऑटो को सीज कर दिया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

#### एलएलएम में हासिल किए सर्वोच्च अंक

# ललितपुर की बेटी रिया ने इतिहास रचा, गोल्ड मेडल से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले की बेटी रिया जैन बड़कुल ने जिले का रौशन किया है। उसने पटियाला स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) में एलएलएम (कानून में स्नातकोत्तर) में सर्वोच्च अंक हासिल करके विश्वविद्यालय में टॉप किया है। बीते रोज उसे दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इतिहास में यह पहली उपलब्धि है कि जब किसी छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एलएलएम जैसी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया हो।

रिया जैन बड़कुल शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी निशांत व स्वाति बड़कुल की पुत्री हैं। शुरुआत में रिया का मन नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डाक्टर बनने का था। इसी बीच अचानक उसे वकालत के क्षेत्र में रूचि होने लगी और उसने मात्र तीन महीने की तैयारी में ही क्लेट में क्वालीफाई कर लिया। नागपुर एनएलयू से एलएलबी पास करने के बाद उसने पटियाला स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) में एलएलएम (कानून में स्नातकोत्तर) में प्रवेश किया और यहां अथक परिश्रम की दम पर सर्वोच्च अंक हांसिल किए। बीते विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में उसे भारत की सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

#### शव को उसके पुत्र ने देखा था

# महिला का शव घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला, दरवाजा बंद था

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मंगलवार देर रात एक महिला का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। महिला को उसके पुत्र ने देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। यह घटना कोतवाली सदर अंतर्गत मोहल्ला गोविंद नगर स्थित काशीराम कॉलोनी की है। मृतक महिला की पहचान 46 वर्षीय रईसा पत्नी स्वर्गीय शौकत खान के रूप में हुई है। पुत्र सादिक जब काम से घर लौटा तो उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। पड़ोसियों की मदद से कमरे में प्रवेश करने पर उसने अपनी मां को फांसी पर लटका देखा। सादिक रात करीब 11:45 बजे अपनी मां को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रईसा के गले में रस्सी का फंदा बंधा हुआ था।

चिकित्सकों ने शव को मॉर्च्यूरी में रखवा दिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुत्र सादिक ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की मृत्यु चार साल पहले हो गई थी, जिसके बाद से उसकी मां गुमसुम रहती थी। सादिक के अनुसार, मंगलवार को जब वह काम पर गया था, तब उसकी मां का कॉलोनी की एक महिला से विवाद हुआ था। इस घटना के बाद मां सदमे में आ गई और उसने आत्महत्या कर ली। वहीं, पड़ोसियों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। चौकी इंचार्ज सदर ने जानकारी दी कि महिला के शव को फांसी के फंदे से उतारकर मेडिकल कॉलेज लाया गया था। उन्होंने बताया कि महिला ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जांच की जा रही है।

### कुल्हाड़ी से पैर पर किया प्रहार, मामला दर्ज

तालबेहट अंतर्गत ग्राम हर्षपुर मजरा साठिया में रहने वाले पहलवान पुत्र कमल कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 22 दिसम्बर की शाम करीब 7 बजे उसका भाई जशरथ गांव में दयाराम की दुकान से सामान लेने गया था। तभी गांव के बलराम पुत्र राजेन्द्र सिंह ठाकुर आया और बिना कारण उसके भाई को गालियां देने लगा। मना करने पर बलराम ठाकुर ने उस पर हाथ में लिये कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया, जिससे कुल्हाड़ी जशरथ के पैर में जाकर लगी और वह घायल हो गया। शोरगुल होने पर बलराम उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है

# राकेश नामदेव को शिवसेना का ललितपुर अध्यक्ष नियुक्त किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के मोहल्ला आजादपुरा स्टेट बैंक के पीछे रहने वाले राकेश कुमार नामदेव को शिवसेना ने ललितपुर जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण पद के मिलने से राकेश नामदेव के समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शुभचिन्तकों ने मिष्ठान वितरण कर इस उपलब्धि पर हर्ष जाहिर किया है। फोन पर हुयी वार्ता में शिव सेना के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने बताया कि हिन्दू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनन्द दीघे साहब के आशीर्वाद और महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अड़सूळ के आदेश पर प्रदेश उपाध्यक्ष/बुन्देलखण्ड प्रभारी स्नेहल करमरकर के नेतृत्व में उन्हें यह जिम्मेवारी नियुक्ति पत्र के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अभय द्विवेदी ने लखनऊ में सौंपी है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद और भरोसे के चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, वह उस पर कर्तव्य निष्ठा के साथ खरे उतरने का भरशक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जायेगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में शिव सेना को और अधिक मजबूती प्रदान की जायेगी। उन्होंने संगठन के विस्तार पर भी गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया।

#### मुनिश्री समत्व सागर महाराज के सानिध्य में हुआ आयोजन

# गिरारगिरी कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मुनिश्री 108 समत्व सागर महाराज, मुनिश्री शीलसागर महाराज के मंगल सानिध्य में मड़ावरा नगर में सिद्धचक्र महामंडल विधान अगाध श्रद्धा भक्ति के साथ चल रहा है। मीडिया प्रभारी डा.सुनील ने बताया कि देश के जाने-माने प्रतिष्ठाचार्य, अतिशय क्षेत्र नवागढ़ के निर्देशक ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत, डा.सनत कुमार, पं.जयकुमार जैन, पं.संतोष शास्त्री आदि विद्वतवर्ग द्वारा



अतिशय क्षेत्र गिरार गिरी में 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन किया गया।

महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि अतिशय क्षेत्र गिरार गिरी में 16 से 23 जनवरी तक होने जा रहे सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन मुनिश्री समत्व सागर महाराज व मुनिश्री शीलसागर महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा।

#### गो लोकवासी महंत भगवानदास महाराज की पुण्यस्मृति मनाई

# संस्कृत विद्यालय के बालकों ने वैध पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सिद्धपीठ श्रीतुवन हनुमानजी मंदिर के पूर्व आचार्य गोलोकवासी महंत श्रीभगवानदासजी महाराज की पुण्यस्मृति में उनकी मूर्ति का अभिषेक पूजन चण्डी पीठाधीश्वर स्वामी चंद्रेश्वर गिरि महाराज, स्वामी कृष्ण गिरि महाराज, महामंडलेश्वर राधामोहन दास महाराज, महंत गंगादास महाराज एवं महंत रामलखन दास महराज द्वारा संयुक्त



रूप से वैदिक विधि विधान से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर संस्कृत विद्यालय के बालकों द्वारा वैध पाठ किया गया। इस मौके पर पूर्व संतों ने भगवानदासजी महाराज के जीवन से जुड़े संस्मरणों का वृतांत सुनाया। इस अवसर पर सरदार बीके सिंह, धर्मेन्द्र रावत, मनीष सड़ैया, अनुजकांत, आशीष लिटौरिया, अभिषेक पाण्डेय, सोनू चौबे, प्रेमनारायण रिछारिया, अनुरूद्ध रिछारिया आदि मौजूद रहे।

# मां को लेकर लौट रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम भारौनी में रहने वाली राजकुमारी पत्नी राघवेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे उसके पति पल्सर मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 एन 3735 पर अपनी मां केसरबाई को बैठाकर बानपुर ललितपुर रोड पर भौरानी तिराहा से घर लौट रहे थे। गांव में रब्बू बुनकर के मकान से थोड़े आगे पहुंचे कि सामने से गांव के राजकुमार पुत्र रामसिंह ने अपनी मोटर साइकिल से उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति को चेहरे में गंभीर चोटें आयीं और मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। परिजन मौके पर और परिजनों की मदद से पति को उपचार के लिए मुख्यालय के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंची, जहां से घायल पति को झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### विद्युत मीटर की तोड़फोड़ करने का आरोप

निकटवर्ती ग्राम सिवनीखुर्द में रहने वाली रूपाली राजपूत पत्नी नन्दकिशोर ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसके घर में विद्युत संयोजन है। बताया कि गांव के दबंग व्यक्ति सुनील राजपूत पुत्र मैरवान सिंह राजपूत ने उसके घर लगे विद्युत मीटर की तोडफ़ोड़ कर दी। इस कारण उसे विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### विशाल ऑस्टियोपोरोसिस जांच व उपचार शिविर संपन्न

# 30 वर्ष के बाद हड्डियों में कमजोरी व घिसाव प्रारंभ होता: तिवारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दिगंबर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में स्थानीय क्षेत्र में आधुनिक मशीनों द्वारा विशाल बीएमडी जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता जैन पंचायत से डा. अक्षय जैन ने, संचालन फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सनत जैन ने किया। शिविर में ऑस्टियोपोरोसिस विशेषज्ञ पुष्कर तिवारी द्वारा मरीजों की जांच कर बताया कि 30 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की हड्डियों में कमजोरी एवं घिसाव प्रारम्भ हो जाता है एवं टूटने के जोखिम के साथ साथ जोड़ों में दर्द प्रारंभ हो जाता है। इसके बचाव के लिए संतुलित जीवन शैली के साथ तनाव रहित जीवन, धूम्रपान एवं नशा की आदतों से बचाव एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्त समुचित भोजन करने से हड्डियों की कमजोरी व घिसाव से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एवं उपचार आवश्यक है। चिकित्सा जांच टीम में जितेंद्र पंथ सहयोगी रहे। इस दौरान विजय जैन, राजकुमार जैन, सनत जैन, महिपाल जैन, सुरेन्द्र सिंघई, सर्वज्ञ सतभैया, केवलचंद जैन, रमेश जैन, गौरव जैन, अशोक जैन, सौरभ जैन, अंकित जैन, निखलेश, प्रकाशचंद जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शिविर में 136 लोगों की जांच की

ललितपुर । यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैंड पर शासन के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा बसों में कार्यरत चालक, परिचालक एवं अन्य सहयोगी स्टाफ की सामान्य स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 लोगों की एच०आई०वी०, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी जांच तथा 16 व्यक्तियों की क्षय रोग की स्क्रीनिंग की गयी जिसमें सभी लोग निगेटिव पाए गए। शिविर में 105 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से तीन व्यक्ति निकट दृष्टि दोष से एवं 52 लोग दूर दृष्टि दोष से ग्रसित पाए गए जिन्हें चश्में की सलाह दी गयी। नेत्र परीक्षण में 50 व्यक्तियों की दृष्टि सामान्य पायी गयी। उपरोक्त शिविर में राजकुमारी, अतुल कौउन्सलर, अरविन्द एल०टी०, मनीष आप्टोमेट्रिस्ट, नवीन सोनी एस०टी०एस०, आदेश श्रीवास्तव पी०पी०एम०सी०, अमित पुरोहित एस०टी०एल०एस० द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### सीमावर्ती राज्य से आ रहे निराश्रित गोवंश बने परेशानी का कारण

# श्योपुर जिले के किसानों की फसल उजाड़ रहे राजस्थान के मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों अपनी फसलों को बचाने राजस्थान के किसान ऐसे बेसहारा मवेशियों को श्योपुर जिले की सीमा में छोड़ कर जा रहे हैं जिनका उनके यहां कोई धनी धोरी नहीं होता है। सीमावर्ती राजस्थान से हांके गए यह मवेशी जिससे एमपी के बॉर्डर से सटे हुए श्योपुर जिले के किसानों के खेतों में फसलें चर कर आतंक मचाए हुए हैं। खुद के लिए आफ़त बने इन मवेशियों को किसान कई किमी दूर पैदल चलकर जंगल में लेजाकर छोड़ने पर मजबूर बने हुए हैं। इस समय ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब ग्रामीण शहर के बीच से मवेशियों को हांक कर जंगल ले जाते नहीं देखे जाते।

श्योपुर जिले के कुहांजापुर के पास पार्वती नदी पर बने पुल से वहां के सीमावर्ती गांवों से किसान निराश्रित गोवंश को हांक कर मध्यप्रदेश की सीमा में छोड़ रहे हैं जहां कुहांजापुर से बड़ौदा तक के दर्जनों गांवों की फसलों के लिए ये मवेशी काल बन गए हैं। श्योपुर सवाई माधोपुर के बीच चंबल नदी पर बने पुल से राजस्थान के किसान मवेशी छोड़कर जा रहे हैं। जो दांतरदा से सोई कला तक के गांवों के खेतों को चर कर बर्बाद कर रहे हैं। इसी तरह श्योपुर को कोटा से जोड़ने वाले पार्वती नदी पर बने पर से सीमावर्ती राजस्थान के खातौली गांव की ओर से रात होते ही सैकड़ों मवेशी एमपी में हांक दिए जाते हैं जो प्रेमसर से भी आगे तक खेतों में तबाही मचा रहे हैं।



### कड़कड़ाती ठंड में खेतों पर गुजार रहे रात

राजस्थान के मवेशियों का झुंड क्षेत्र के किसानों के खेतों में मौके मिलते ही घुस जाते हैं। अपने फसल को मवेशियों से बचाने के लिए किसान ऐसी कड़ाके की ठंड में रात-रात भर खेतों पर रुककर मवेशियों की रखवाली कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि मवेशी इतनी संख्या में घूम रहे है कि, एक तरफ से भगाओ को दूसरी तरफ से घुस जाते हैं। इस वजह से एक ही खेत की रखवाली करने के लिए तीन से चार लोग लगे हुए हैं। कई किसानों ने मवेशियों के आंतक के चलते फसलों को बचाने के लिए अपने खेतों में तार फेंसिंग करवा ली है।

### जंगल में भगवान भरोसे छोड़ा हजारों गोवंश को

अपने खेतों में खड़ी फसल को बचाने के उद्देश्य किसान बड़ी संख्या में गांव से निराश्रित गोवंश को हांक कर जंगल ले जाकर छोड़ रहे हैं। गुरुवार को भी प्रेमसर गांव से आए ग्रामीणों के एक गुट ने आधा सैकड़ा के करीब गौवंश को बावंदा के आगे जंगल में ले जाकर छोड़ा। इस समय एक अनुमान अनुसार बावंदा के पास जंगल में करीब एक हजार गोवंश जंगल में भगवान भरोसे विचरण कर रहा है। हालांकि जंगल में उन्हें चारा पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है लेकिन रात को गौवंश जंगल से निकलकर सड़क पर आकर बैठ जाता है जिससे दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। कोहरे के कारण वाहन चालक को रोड पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं पड़ते हैं या अचानक उनके रोड पर आ जाने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।

### इनका कहना है

इस समय रबी सीजन की बुवाई खेतों में हो चुकी है। गेहूं चना इत्यादि फसलों की कोपले अंकुरित हो गई है जिन्हें चरने के लिए गोवंश के झुंड खेतों में कूद रहे हैं सीमा पार से राजस्थान के लोग निराश्रित गौवंश को आए दिन यहां छोड़ जाते हैं जिससे किसानों को परेशानी आ रही है। इन गोवंशो को जंगल में लेजाकर छोड़ने के अलावा और कोई चारा भी नहीं है।

**सियाराम मीणा**
**किसान**

### भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

# इंद्र के घमंड को तोड़ने भगवान ने अंगुली पर उठाया गोवर्धन पर्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर की विकासनगर कॉलोनी स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर पर चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा में गुरूवार को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास पं नितेश शास्त्री ने श्रोताओं को कृष्ण के माखन चोरी प्रसंग, शकटासुर,पूतना वध तथा गोवर्धन पूजा प्रसंग की कथाएं सुनाईं।

कथा व्यास पं नितेश शास्त्री ने कहा कि कैसे भगवान कृष्ण अपने मित्रों के साथ मिलकर गांव वालों का माखन चुराते थे। पकड़े जाने पर वे ग्रामवासियों से कहते थे, "मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो, भोर भयो गैयन के पीछे मधुबन मोही पठायो।" गोपियों ने कहा कि श्याम माखन चुराने के बहाने अब तो दिल भी चुराने लगे हैं। कथा व्यास ने गोकुल वासियों की रक्षा के लिए कृष्ण द्वारा किए गए शकटासुर राक्षस और पूतना राक्षसी के वध की कथा भी सुनाई। पूतना कृष्ण को विषैला दूध पिलाकर मारने आई थी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने द्रौपदी चीर हरण की कथा का भी वर्णन किया। कथा के दौरान गोवर्धन पूजा का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्र के क्रोध से बृजवासियों की रक्षा की थी। उन्होंने इंद्र के अहंकार को नष्ट करते हुए बृजवासियों को इंद्र देव के बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का संदेश दिया, क्योंकि यह पर्वत उन्हें प्राकृतिक संसाधन और पशुओं को चारा प्रदान करता है। इंद्र द्वारा क्षमा मांगने पर भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को वापस रखा और बृजवासियों को हर साल गोवर्धन पूजा तथा अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह पर्व गोवर्धन पूजा या अन्नकूट के रूप में मनाया जाता है।

# पैर फिसलने से कुएं में गिरा युवक डूबने से हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पानी पीने के लिए कुएं पर पहुंचा युवक उस समय पैर फिसलने की वजह से कुएं में गिर गया,जब वह कुएं के अंदर से पानी की भरी बाल्टी को खींच रहा था। हालांकि आसपास के लोगो ने दौडकर युवक को कुएं से बाहर भी निकाल लिया,लेकिन तब तक युवक की मौत हो गई। यह घटना ओछापुरा थाना क्षेत्र के ओछा के बडे सहराने की है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ओछापुरा थाना प्रभारी सुरेश सिंह धाकड ने बताया कि ओछा का बडा सहराना निवासी दिनेश 35 वर्ष पुत्र कल्लू आदिवासी बुधवार को प्यास लगने पर पानी पीने के लिए मदनू जाटव के खेत पर बने कुएं पर पहुंचा। जहां कुंए के अंदर से पानी की भरी बाल्टी खींचने समय उसका पैर फिसल गया और वह अपना संतुलन खोते हुए कुएं के अंदर जा गिरा। हालांकि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आसपास के लोगों की मदद से युवक को कुए से बाहर भी निकाल लिया,लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### छत से गिरकर युवक की मौत



शहर श्योपुर की पटवारी कॉलोनी में छत से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई है। यह घटना बुधवार देर रात की है। पुलिस ने बताया कि 35 वर्षीय अतुल अग्रवाल पुत्र ओमशंकर अग्रवाल बुधवार की रात करीब पौने ग्यारह बजे खाना खाने के बाद जब अपने घर की छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान वे छत की रेलिंग से नीचे झांकते समय संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए। उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।कोतवाली पुलिस ने गुरूवार की सुबह पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भैंस लूटकांड के दो फरार बदमाश गसवानी थाना पुलिस ने दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गसवानी थाना पुलिस ने भैंस लूटकांड मामले में फरार बने दो बदमाशों को दबोच लिया है। दोनो बदमाशों पर दो दो हजार रूपए का इनाम घोषित था। गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि 20 नवंबर को अंगद धाकड निवासी बुढेरा की दर्जनभर भैसो को चार बदमाश हथियारो की नौक पर लूटकर भाग गए। इस मामले में अंगद धाकड की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए दर्जनभर भैंसों को जंगल की घेराबंदी करके मुक्त करा लिया,लेकिन बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में इस मामले में दी गई दबिश के दौरान दो बदमाश दबोच लिए गए है। जिनमें दिलीप पुत्र बाबू सिंह गुर्जर निवासी मूसाकी थाना तिघरा जिला ग्वालियर, भारत पुत्र गुलाब सिंह गुर्जर निवासी लखनपुरा थाना तिघरा जिला ग्वालियर शामिल है। एक बदमाश के कब्जे से हाथ की बनी बंदूक तो दूसरे के कब्जे से अधिया जब्त किया गया है।दोनो बदमाशों को दबोचने में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई नर सिंह मावई, प्रआ जगदीश सिंह, देवेन्द्र गुर्जर, धर्मेंद्र, आरक्षक हरीशचंद्र, मोहन दांगी, रिंकू गोले, शिवजी रावत, रूचि शर्मा आदि पुलिसकर्मियों की भी अहम भूमिका रही है।




# शौर्य दिवस के रूप में मना महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस, निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देश के लिए बलिदान का प्रतीक रहे महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस गुरूवार को जाट समाज ने आस्थापूर्वक मनाया। इस दौरान नगर में विशाल चल समारोह भी निकाला गया।

वीरता और शौर्य की गाथाओं के प्रतीक रहे महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों और समाजजनों द्वारा महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर जाट छात्रावास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने महाराजा सूरजमल के जीवन, कूटनीति, युद्ध कौशल और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान देश और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी ऐतिहासिक प्रसंगों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के वरिष्ठजनों ने महाराजा सूरजमल के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। अंत में देश की समृद्ध वीर परंपरा को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री और राष्ट्रीय तेजवीर सेना के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर चौधरी, ओर एन एस यू आई के प्रदेश उपाध्यक्ष राज पटेल और श्योपुर के सामाजिक लोगो ने बडी संख्या में शिरकत की।



### आकर्षक रहा चल समारोह

महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर जाट समाज ने एक चल समारोह निकाला गया। बंजारा डैम के ऊपर कृषि उपज मंडी रोड से शुरू हुआ चल समारोह बंजारा डैम से पुल दरवाजा, टोड़ी गणेश मंदिर, सुबात चौराहा, मेन बाजार, जयस्तंभ से शिवपुरी रोड होते हुए जाट छात्रावास पर पहुंचकर एक श्रद्धांजलि एवं संगोष्ठी सभा के रूप में परिवर्तित हो गया जिसमें वक्ताओं ने महाराजा सूरजमल के जीवन वृत पर प्रकाश डाला।

### महिला पटवारी को डंडों से पीटा,पति पर एफआईआर

श्योपुर। शहर के आनंदनगर में रहने वाली एक महिला पटवारी की रात्रि के दौरान पति ने डंडों से मारपीट कर दी। जिससे महिला पटवारी जख्मी हो गई। कोतवाली पुलिस ने पटवारी के पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आनंदनगर निवासी पटवारी मिथलेश आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह बुधवार को रात्रि के दौरान तबीयत खराब होने पर घर में सो रही थी,तभी पति महावीर सनेरिया ने टेबिल पर रखे दस्तावेजों को फाडकर फेंक दिया और दोनों बच्चों पर चिल्लाना शुरू कर दिया। इस दौरान मैने पति से कहा कि इस तरह बच्चों को चिल्लाते हुए क्यों डांट रहे हो,इसी बात पर पति ने गाली गलौच करते हुए मेरी डंडो से मारपीट कर दी। जिससे हाथ की कोहनी में चोट आई है।

### श्योपुर की 5 बालिकाओं का जीवाजी विश्वविद्यालय की इंटर यूनिवर्सिटी टीम में चयन

श्योपुर। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर एवं आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में अध्ययनरत 5 छात्राओं मुस्कान गुर्जर, गौरी गुर्जर, शिवानी गुर्जर, अमनदीप कौर एवं धनप्रीत कौर का चयन जीवाजी विश्वविद्यालय की महिला हॉकी टीम में चयन हुआ है। ये बालिकाएं अब 26 से 30 दिसंबर तक सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन महिला हॉकी इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में श्योपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। हाल ही में ये छात्राएं ग्वालियर चंबल संभाग की टीम का हिस्सा बनकर राज्य स्तरीय हॉकी महिला प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी करके लौटी हैं। महाराष्ट्र रवाना होने से पहले इन छात्राओं से कॉलेज प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा ने मुलाकात की एवं उनकी इस विशेष उपलब्धि हेतु उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए आगामी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने हेतु प्रोत्साहित किया तथा क्रीड़ा अधिकारियों डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया एवं हीरा सिंह के अथक प्रयासों की विशेष सराहना की।

### ललितपुरा मंडल में हिंदू सम्मेलन आयोजित,कलश यात्रा के साथ हुई कार्यक्रम की शुरुआत

# हिंदू समाज को महापुरुषों के आध्यात्मिक विचारों को आत्मसात कर एकजुट होने की जरूरत:मिश्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा खंड के ललितपुरा मंडल के ग्राम हथवारी स्थित श्री गुंसाई जी महाराज मंदिर परिसर में गुरूवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सकल हिंदू समाज के बैनर तले आयोजित इस हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि हिंदू संस्कृति अत्यंत प्राचीन, शाश्वत और सनातन है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना से मानवता को जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में हिंदू समाज एकजुट था, लेकिन जातियों, भाषाओं और रूढ़ियों में बंटने के कारण कई सौ वर्षों तक गुलामी झेलनी पड़ी। उन्होंने समाज को फिर से महापुरुषों के आध्यात्मिक विचारों को आत्मसात कर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रभु राम ने हनुमान को और कृष्ण ने अर्जुन को इसी आत्म ज्ञान से अवगत कराया था। उन्होंने जोर दिया कि इस ज्ञान से सभी भेदभाव समाप्त होंगे और हम देश, धर्म तथा समाज की सेवा के लिए एक साथ खड़े हो सकेंगे। कार्यक्रक का संचालन दिनेश गौतम ने किया। इस मौके पर मंच पर गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा चैनपुरा हनुमान मंदिर से आरंभ हुई, जिसमें बडी संख्या में महिला और बालिकाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई, कार्यक्रम के दौरान बडी संख्या में मौजूद लोगों ने भजन-कीर्तन व सत्संग का आनंद लेते हुए एकजुट होने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती किए जाने के बाद भोजन प्रसादी आयोजन किया गया।


### अहंकार को कभी अपने पास फटकने नहीं दिया अटल जी ने: शशांक

# भाजपा नेताओं ने सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर काबिज होने के बावजूद अटल जी ने कभी अहंकार को कभी अपने करीब फटकने तक नहीं दिया । यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संबोधन देते हुए कही। जिले भर में भाजपा नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर जहां युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर आयोजित किया वहीं नगरपालिका परिसर में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन भी किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने उनके जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक शुरुआत एक पत्रकार के रूप में हुई और कालांतर में लेखक, कवि एवं साहित्यकार के रूप में वे ख्याति अर्जित करते गये। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, कई बार सांसद, विदेश मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय दल के नेता, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता, तत्पश्चात 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे अर्थों में साधुमना जननेता थे। इतने बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने के बावजूद उन्होंने अहंकार को अपने पास फटकने नहीं दिया। पद का मद कभी उनके सिर पर सवार नहीं हो पाया। राजनीति की काजल-कोठरी में अटल जी पर एक भी दाग उनके सम्पूर्ण जीवन में नहीं लगा। हमें गर्व है कि हमें उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर सिसोदिया, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज सोनी सही बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।



### युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर आयोजित किया

सुशासन दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक शाखा में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर रक्तदान किया और आने वाले समय में किसी भी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करने के लिए संकल्प पत्र भी भरे।




### कवि सम्मेलन मुशायरा आयोजित

पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार की रात नगर पालिका परिसर में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित हुआ। जिसमें शहर के प्रख्यात कवि और शायरों ने भागीदारी कर राष्ट्रीयता से ओतप्रोत कविता और शायरी कर राष्ट्र भावना को जागृत करने का काम किया वहीं कई शायरों व कवियों ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर कविता पढ़ी और शेरो शायरी की।

# निर्माणाधीन रोड का पूर्व प्रधानमंत्री के नाम से नामकरण, उठे सवाल

### परिषद की बैठक के बिना नामकरण किसने किया?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद ने उनके नाम पर शिवपुरी रोड से बाईपास की ओर निर्माणाधीन नई सड़क का नामकरण कर दिया है। इस नामकरण के लिए उक्त स्थल पर बोर्ड भी गाढ दिया गया है। पर प्रश्न यह उठ रहा है कि यह नामकरण किसने कर दिया ना तो इस नामकरण के लिए परिषद की बैठक में कोई प्रस्ताव आया न हीं पीआईसी में अनुमोदित किया गया और ना ही इसे पुष्टि की प्रत्याशा में रखा जा सकता है।

शिवपुरी रोड चौकी ढाणी होटल के सामने से बायपास रोड पर निकलने वाले करीब 2 करोड रुपए लागत से निर्माणाधीन सड़क का गुरुवार को भाजपा नेताओं ने नामकरण करते हुए वहां एक बोर्ड गाड़ दिया। इस दौरान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग और कुछ भाजपा पार्षद भी मौजूद रहे उक्त स्थल पर जो बोर्ड गाड़ा गया उसमें आयोजक के तौर पर नगरपालिका परिषद लिखा हुआ है और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का फोटो लगा हुआ है। प्रश्न यह उठ रहा है कि इस समय नगर पालिका अध्यक्ष पावर में नहीं है सो वह बैठक में प्रस्ताव रखे जाने की प्रत्याशा के लिए अनुमोदन भी नहीं कर सकती हैं ना ही इससे पहले परिषद की बैठक में यह प्रकरण लाया गया और ना ही पीआईसी से अनुमोद अनुमोदन लिया गया तो फिर यह अधिकार किसने दे दिया कि उक्त सड़क का नामकरण नगर पालिका परिषद के हवाले से पूर्व प्रधानमंत्री के नामकरण के रूप में किया जाए।



## खबर संक्षेप

### सीमांकन करने गए पटवारियों पर हमला

**अशोकनगर।** वुधवार को बहादुरपुर तहसील क्षेत्र के महोली गांव में एक विवादित सीमांकन होना था। इसके लिए गए पांच पटवारियों के दल पर तीन लोगों ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से पटवारियों ने खेतों में दौड़कर अपनी जान बचाई। इस घटना की शिकायत मुंगावली थाने में की गई है, जहां पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि महोली गांव में एक सीमांकन के लिए तहसीलदार बहादुरपुर द्वारा हल्का पटवारी सुजीत छारी के साथ लोकेंद्र शर्मा, होशियार सिंह, अंकुर गुप्ता एवं सौरभ गुप्ता आदि पटवारियों का पांच सदस्यीय दल भेजा था एवं मुंगावली थाना पुलिस से पुलिस बल की मांग की गई थी। बुधवार को पुलिस बल उपलब्ध न होने के कारण महोली गया हुआ सीमांकन दल जब वापिस होने लगा तो आरोपी सीताराम पुत्र केहरी सिंह दांगी, धर्मेंद्र पुत्र सीताराम दांगी एवं अर्जुन पुत्र कोमल सिंह दांगी सभी निवासी ग्राम जगथर थाना दीपना खेड़ा जिला विदिशा द्वारा पीछे से आकर लाठियों से हमला कर दिया। सभी पटवारी अपनी अपनी जान बचाकर खेतों में भागे। इसके बाद मुंगावली थाने आकर आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। गौरतलब है कि करीब एक माह पूर्व ही मुंगावली थाना क्षेत्र के टीला गांव में भी एक पटवारी पर हमला कर मारपीट की गई थी, जिसमें पटवारी का हाथ फ्रैक्चर हो गया था। एक माह के अंदर क्षेत्र में पटवारियों पर हमले की यह दूसरी घटना है।

### सांसद खेल महोत्सव का पुरस्कार वितरण

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताएँ 14 दिसंबर 2025 से 16 दिसंबर 2025 तक जिला अशोकनगर के संजय स्टेडियम स्थित खेल मैदान में सम्पन्न कराए गए। सांसद खेल महोत्सव के संयोजक जजपाल सिहं पूर्व विधायक द्वारा बताया गया कि, सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत सम्पन्न कराई गई खेल प्रतियोगिता का समापन सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन 25 दिसंबर 2025 को अशोकनगर के संजय स्टेडियम खेल मैदान में किया गया है। समापन कार्यक्रम के अवसर पर आलोक तिवारी भाजपा जिलाध्यक्ष, जगन्नाथ सिंह रघुवंशी विधायक चन्देरी, बृजेन्द्र सिंह यादव विधायक मुंगावली, संजीव भारिल्ल सांसद प्रतिनिधि, नीरज मनोरिया सहित जिले के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन से पूर्व ग्राम पचांयत स्तरीय, विकासखंड स्तर पर तीन दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित कराई गई थी।

### राठौर क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव आयोजित, सदस्य बने


**अशोकनगर।** राठौर क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव आज आयोजित किए गए हैं। इस चुनाव को लेकर पिछले दिनों एक बैठक वेदांत भवन में आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता राठौर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन राठौर के द्वारा की गई थी। बैठक में सभी समाज जनों ने भाग लिया था जिसमें अशोकनगर, ईसागढ, मुंगावली, चन्देरी, नईसरायं , शाढ़ौरा आदि स्थानों के लोग शामिल हुए थे। इस दौरान सदस्यता भी दी गई और 450 सदस्य बनाए गए। चुनाव का आयोजन प्रेमनारायण राठौर भजन सेठ, राष्ट्रीय संरक्षक महासभा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल राठौर बाबूजी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

### जगन्नाथ सिंह यादव बने मंडल प्रभारी

**मुंगावली।** भाजपा संगठन के निर्देश अनुसार ओर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा मंडल प्रभारियों की घोषणा की गई है जिसमें मुंगावली मंडल प्रभारी पूर्व जनपद अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह यादव को बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि जगन्नाथ सिंह यादव 12 साल तक जनपद अध्यक्ष पद पर रहे हैं जिसमें कोरोना काल भी शामिल है। वही पिपरई के नरेश ग्वाल ,सहराई के दीपक पालीवाल और बहादुरपुर के मंडल प्रभारी मनीष मोदी को बनाया गया है।

### प्रभु ईशू के जन्म की झांकी लगाई गई, बच्चों को उपहार प्रदान किए गए

# शहर में क्रिसमस पर्व को लेकर उत्साह, चर्च को रोशनी से सजाया







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में क्रिसमस के पर्व की उत्साह पूर्वक शुरूआत की गई। ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित किए जाने वाले यहां स्कूलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांता क्लोज के द्वारा भी बच्चों को उपहार प्रदान किए गए।

यह अपनी सफेद ढाड़ी और उपहारों से भरा थैला लेकर बच्चों को उपहार बांटते हुए देखे गए। अशोकनगर जिले के एकमात्र सेंट थॉमस चर्च में क्रिसमस के पर्व की तैयारियां पूरे दिन की गईं, कईं झांकियां सजाई गईं। अशोकनगर शहर में लगभग 100 से अधिक ईसाई परिवार हैं जिनके द्वारा यह पर्व मनाया जाता है। जिले भर से अनुयायी अशोकनगर पहुंचे हैं और आयोजित कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। स्कूलों में क्रिसमस के पर्व पर बच्चों को चॉकलेट, टापिया प्रदान की गईं। हर वर्ष 25 दिसम्बर को यह क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है। क्रिसमस के दिन को बड़े दिन के रूप में जाना जाता है यह हजरत ईसा का जन्म दिवस है, हजरत ईसा बचपन से ही वुद्धिमान और दयालु थे, उन्होंने गुलामों और गरीबों की सहायता करके समाज में बराबरी का संदेश दिया। हजरत ईसा की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर उस क्षेत्र के तत्कालीन शासकों द्वारा विरोध किया गया और गुड फ्राईडे के दिन उनके शरीर में कीलें ठोककर उन्हें सूली पर लटका दिया गया।

उस सूली को आज क्रूस के रूप में पूजा की जाती है। अंतिम समय में ईशामसीह ने हत्यारों के लिए प्रार्थना करते हुए कहा था कि हे ईश्वर उन्हें मांफ कर देना। कहा जाता है कि 3 दिन बाद ईस्टर के दिन हजरत ईसा दुबारा जीवित हो गए थे, इसी लिए क्रिसमस के दिन रात्रि में प्रार्थना सभा का आयोजन कर हजरत ईसा की महानता और श्रद्धा के गीत गाए गए। कहा जाता है कि एक बार ईसाई संत ने देखा कि एक मासूम बच्चे को पेड़ से बांध कर कुर्बान किया जा रहा था उसने तुंरत उस पेड़ को काट डाला, तभी ऐसा चमत्कार हुआ कि सनुवर का पेड़ उग आया, इसी यादगार में क्रिसमस का पेड़ सजाया गया है। कईं झांकियां लगाई गईं जहां प्रभु ईशू के जन्म को दिखाया गया है कहते है कि ईसवी वर्ष हजरत ईसा के जन्म से शुरू होता है।

## दिनारा थाने के नए कप्तान बने कुशवाह ने ग्रहण किया पदभार




**दिनारा।** दिनारा थाने में रविंद्र सिंह कुशवाहा ने नए थाना प्रभारी का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्थानीय पत्रकारों के साथ एक परिचयात्मक बैठक की, जिसमें क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान थाना प्रभारी रविंद्र सिंह कुशवाहा ने अपना परिचय देते हुए बताया की दिनारा के सभी पत्रकारों को आश्वस्त किया कि जनता की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेगी दिनारा थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए मीडिया के साथ समन्वय स्थापित कर काम करने की बात कही।उन्होंने पत्रकारों से सहयोग की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी घटना की जानकारी सीधे साझा की जा सकती है और उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर दिनारा सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे।

### शाढ़ौरा में 30 नसबंदी के ऑपरेशन किए

**अशोकनगर।** ब्लॉ मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयकृत सिंह राजपूत की उपस्थिति में शाढ़ौरा में 30 नसबंदी के ऑपरेशन किए गए। शिविर में वरिष्ठ सर्जन डॉ. डी. के. भार्गव द्वारा 30 महिलाओं की नसबंदी सर्जरी की गई। इसके साथ ही अब तक कुल 111 महिला नसबंदी ऑपरेशन संपन्न हो चुके हैं। सर्जरी पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. रश्मि छारी द्वारा किया गया। ओटी इंचार्ज ज्योति राजावत,लैब टेक्नीशियन अवधेश नायक एवं ऑपरेशन थिएटर टीम का योगदान रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से केस प्रेरणा एवं लाने का कार्य बीसीएम संजीव रघुवंशी के निर्देशन में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

## सुशासन सप्ताह के तहत आयोजन जिला स्तरीय कार्यशाला में नवाचारों की विस्तृत समीक्षा



**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन सप्ताह के अवसर पर बुधवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा सुशासन के अंतर्गत किए गए नवाचारों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि 19 दिसम्बर से जिले में सुशासन शिविरों का आयोजन किया गया।इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों का निराकरण पूर्ण सतर्कता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बहुआयामी व्यक्तित्व को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि सुशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि आम नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नवाचारों को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान आमजन तक शासकीय योजनाओं का लाभ बेहतर क्रियान्वयन से ही पहुंच सकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सजग रहकर कार्य करने चाहिए। शासकीय कार्यालयों में जीरो पेंडेंसी होनी चाहिए। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। आमजन के जीवन में बेहतरी लाने के लिए और क्या-क्या नवाचार किए जा सकते है। इस बारे में विचार करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन द्वारा सुशासन सप्ताह की रूपरेखा तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और विरासत पर प्रकाश डाला गया।

## तूमैन के बच्चों ने किया प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का भ्रमण



**अशोकनगर।** कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत आज शासकीय उमावि तुमैन के बारहवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अशोकनगर का डॉ. नवीन पटवा कॉलेज चलो अभियान प्रभारी के नेतृत्व में भ्रमण किया।

विद्यालय के शिक्षक भावना कौशल, प्रीति खरे, मनीषा भार्गव, आसिफ खान भी विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हुये। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम पुस्तकालय का भ्रमण किया जहां उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं, समाचार पत्रों पत्र पत्रिकाओं एवं पुस्तकालय में संबालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नवीन भवन स्थित स्मार्ट क्लासज का अवलोकन किया। कीडाधिकारी चंद्रशेखर जाटव ने विद्यार्थियों को कीड़ा गतिविधियों एवं एनसीसी की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कम्प्यूटर लैब का भ्रमण किया जहां प्रभारी अनूप श्रीवास्तव ने उन्हें समस्त जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने कक्ष क्रमांक 10 में स्थापित कम्प्यूटर कक्ष का भ्रमण किया जहां सुमित सोनी और अजय कुशवाह ने उन्हें ऑनलाईन प्रवेश, परीक्षा एवं छात्रवृति योजनाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने नव निर्मित विज्ञान भवन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ (डॉ.योग्यता भार्गव) स्वामी विवेकानंद उद्यान का भ्रमण भी किया। इसके पश्चात विदयार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, विद्या वन आदि का भ्रमण किया।

अंत में विद्यार्थियों ने प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश से भेंट की प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों का महाविद्यालय में आत्मीयता से स्वागत किया। विद्यार्थियों के आवागमन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत संचालित बस सेवा का उपयोग किया गया। कुल 53 विद्यार्थियों ने भ्रमण किया।

## मुंगावली विधानसभा मुख्यालय पर अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



मुंगावली विधानसभा के कार्यकर्ताओं का अटल स्मृति पर एक सम्मेलन निजी गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमे पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्टी पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

जिसके बाद अटल स्मृति पर्व की अध्यक्षता पूर्व सांसद कृष्णपाल सिंह यादव जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं जिले से आए मुख्य अतिथि अमित रघुवंशी एवं अनिल रघुवंशी के द्वारा की गई, ओर अटल स्मृति पर्व के बारे मे जानकारी दी गई तो बही इस कार्यक्रम में विधायक बृजेंद्र सिंह यादव एवं जिले के उपाध्यक्ष, महामंत्री शामिल रहे। इस सम्मेलन में दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष रूपेश जैन एवं उपाध्यक्ष अभिषेक सिंघई का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के द्वारा बताया कि क्षेत्र में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलन में अटल जी की स्मृति में कविता पाठ सुशासन से जुड़े हुए कार्यक्रम और विचार गोष्ठियां आयोजित की जाएगी। जिसमें बताया कि युवा पीढ़ी को अटल जी के विचारों से जुड़े रहना चाहिए जिसमें बताया कि अटल स्मृति दिवस के माध्यम से युवा पीढ़ी को उनके जीवन मूल्य साथ की और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण से प्रेरित करना उनके विचार आज भी समाज और देश को नई दिशा देने का कार्य कर रहें है कार्यक्रम प्रभारी केपी यादव द्वारा भी आयोजित कार्यक्रमों की रूप रेखा से अवगत कराया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा भी जिले में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

अटल स्मृति कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, विधानसभा प्रभारी मनीष मोदी, जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, जिला महा मंत्री नरेश ग्वाल, महामंत्री शीला जाटव, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, मंडल महामंत्री अविनाश यादव, अजितेश श्रीवास्तव आदि रहे मौजूद।

### पिपरई नगर परिषद की लापरवाही से खुली नाली में बाईक गिरी



**पिपरई।** पिपरई नगर परिषद मुख्यालय पर खुली नाली दुर्घटनाओं का कारण बन रही है, वुधवार को एक बाईक सवार रास्ते से निकलते समय संतुलन बिगड़ जाने से खुली नाली में गिर गया। यह अच्छा हुआ कि बड़ी घटना नहीं हो पाई, इसके पहले भी कईं वाहन इस नाली में दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं।वुधवार को नगर में एक मोटरसाइकिल सवार नाली में गिर पड़ा, गनीमत रही कि वहां पर मौजूद लोगों ने बाईक चालक को जल्दी ही उठा लिया और बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। इस विषय में जब सीएमओ अशोककुमार वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि नाली खुली होने की यह बात आई है और मैं इस कार्य को पूर्ण करवाने की कोशिश करूंगा।

## कलेक्टर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सुशासन की दिलाई शपथ



**अशोकनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व 24 दिसम्बर को शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस मनाया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं नागरिक के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव,जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नपा में सुशासन दिवस पर ली गई शपथ

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन से एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को शासन के निर्देश पर सभी कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ ली गई। जिसमें स्व अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा बताए गए सुशासन के उच्च आदर्शों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन में उतारने का संकल्प नगर पालिका के सभी अधिकारी कमर्चारियों के द्वारा लिया गया। जिसमें नगर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा शपथ शिवांग त्रिपाठी के द्वारा दिलाई गई।



**शाढ़ौरा में सुशासन की शपथ ली :** सुशासन दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली। बीएमओ डा. जयकृतसिंह राजपूत द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम कलेक्टर आदित्यसिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। शपथ के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

**महाविद्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया:** महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के निर्देशन में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी व छात्रों की उपस्थिति में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा स्थापित सुशासन के उच्च मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को उपस्थित सभी जन ने सुशासन दिवस की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह द्वारा किया गया।

### नपा अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ वार्ड 07 में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया



**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 07 के निवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली जब 20 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य गिर्राज यादव के मकान के सामने से नगर पालिका के बोर्ड तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण किया जाएगा, जिसके तहत सी.सी. (कंक्रीट) सड़क और नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर आवागमन और जल निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन समारोह नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने वार्ड पार्षद कृष्णा संजीव जाटव एवं समस्त पार्षदो के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर गोपाल ओझा ,मनीष धुरेंटे, नगर पालिका से उपयंत्री भानु कुशवाहा सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहें. नपा अध्यक्ष मनोरिया ने बताया कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही अन्य वार्डों में भी लंबित निर्माण कार्यों को शुरू किया जाएगा।

## लक्ष्य से न भटकें, लक्ष्य एक दिन हासिल होकर रहेगाः आचार्य श्री निर्भय सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली





बेटी तब खुश होती है जब उसे प्रेम प्रशंसा सम्मान सहयोग मिले इसलिए मां-बाप का कर्तव्य बनता है कि वह अपनी बेटी की प्रशंसा सहयोग सम्मान और प्रेम करें। अच्छी बेटी वही है जो माता-पिता की आज्ञाकारी हो। ज्ञान की प्यासी हो। जल्दी भावुक ना होती हो। घरेलू कार्य में दक्ष हो अंग प्रदर्शन से दूर हो। श्रमशील हो। यह उपदेश आचार्य निर्भय सागर जी महाराज ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्याशाला स्कूल में दिए।

उन्होनें कहा कि जींस किसी भी नारी को नहीं पहनना चाहिए क्योंकि हमारे देश में आठ माह तक गर्मी रहती है जींस ठंडे देशों में ठीक होती है। टाइट जींस पहनने से हड्डी चमड़ी को किडनी का रोग होता है। रक्त संचार और रक्त वाहिनियां बिगड़ जाती है। बच्चों को सफलता के सूत्र बताते हुए कहा कि समय प्रबंधन करें समय का सदुपयोग करें सकारात्मक सोच रखे। गलतियों से सीख ले। गलतियां सावधान करने के लिए होती हैं। लक्ष्य से न भटके, मंत्र, तंत्र, टोना टोटका और मोबाइल से दूर रहें। आत्मविश्वास पैदा करें। चुनौती का सामना करें और सीखने की आदत डालें। इसके लिए हमेशा अभ्यास करते रहना चाहिए। याददाश्त बढ़ाने के लिए सूत्र देते हुए आचार्यश्री ने कहा ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें। तनाव मुक्त रहें। हरी साग सब्जियों का सेवन करें, निरंतर फिजिकल एक्टिविटी बनाए रखें अर्थात योगाभ्यास करते रहे। अंडा मांस मच्छी से दूर रहे। समस्त बालिकाओं को आचार्य श्री ने मांस मदिरा का सेवन न करने के लिए प्रेरणा दी। सिद्ध चक्र महा मंडल विधान में शामिल हुए विधायक बृजेंद्र सिंह नगर में चल रहे सिद्ध चक्र महा मंडल विधान में शामिल होने के लिए पूर्व मंत्री ओर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव पहुंचे जहां आचार्य श्री के चित्र का अनावरण किया।